केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सीबीएसई/समन्वय/एलओसी-पंजीकरण/2023-24/2023 **दिनांक: 05.08.2023**

सीबीएसई से संबद्ध
सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/ प्रमुख
(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)

विषय: 2023-24 शैक्षणिक वर्ष हेतु ऑनलाइन पंजीकरण और एलओसी के संबंध में प्रारंभ-पूर्व अनुदेश

महोदया/महोदय,

यह सूचित किया जाता है सीबीएसई शैक्षणिक वर्ष 2023-24 हेतु कक्षाओं IX एवं XI में छात्रों के पंजीकरण और कक्षा X एवं XII के लिए अभ्यर्थियों की सूची (एलओसी) प्रस्तुत करने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया जल्द ही शुरू करेगा।

इसलिए सभी स्कूलों को पंजीकरण और एलओसी संबंधी सभी गतिविधियों को पूर्ण करने की सलाह दी जाती है ताकि जैसे ही पंजीकरण और एलओसी प्रस्तुति शुरू हो, तो स्कूल दिये गए समय सारणी में इन गतिविधियों को ठीक ढंग से पूर्ण करने के लिए सक्षम हों।

यह देखा गया है कि स्कूलों द्वारा अभ्यर्थियों को पंजीकृत नही किया जाता है अथवा एलओसी में प्रविष्टि नहीं की जाती है और निर्धारित समय सारणी के बाद छात्रों को स्वीकार करने के लिए अलग-अलग बहाने दिये जाते हैं। यह परीक्षाओं के संचालन और परिणामों को घोषित करने संबंधी उत्तरवर्ती गतिविधियों को जोखिम में डालता है और बाधित करता है।

विद्यालयों को यह पूर्व सूचना दी जाती है कि वे पहले एलओसी और इसके बाद पंजीकरण के लिए डाटा तैयार रखें ताकि स्कूल समय पर सभी गतिविधियों को पूर्ण कर सके।

इस संबंध में, स्कूलों और छात्रों को असुविधा न हो इसके लिए छात्रों और प्रदत्त विषयों का सावधानीपूर्वक सही डाटा एकत्रित किया जाए।

हस्ता/-
(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रति: वेब प्रशासक को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने अनुरोध सहित

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in